# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल बैठक
## कार्यवाही विवरण

| | |
|---|---|
| बैठक संख्या | (26वीं) छब्बीसवीं |
| स्थान | कुलपति कक्ष, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा |
| दिनांक | 25.06.2016 (शनिवार) |
| समय | प्रातः 11.00 बजे |

**Minutes of 26 BoM Meeting held on 25-6-2016 at 11.00 a.m. in the first floor of VC Secreteriat. Following members were present-**

| | | |
|---|---|---|
| 1- Prof. N.P. Kaushik | - | Chairman |
| 2- Sh. Raghuveer Singh Meena (IAS) | - | Member |
| 3- Prof. Rajeev Gupta | - | Member |
| 4- Prof. Anil K. Mathur | - | Member |
| 5- Prof. O.P. Chhangani | - | Member |
| 6- Prof. Dhirendra Mathur | - | Member |
| 7- Prof. Mithilesh kumar | - | Member |
| 8- Sh. Sant Kumar Choudhary | - | Member |
| 9- Sh. C.D. Prasad | - | Member |
| 10- Dr. Vikas Bansal | - | Member |
| 11- Sh. J.K. Purohit | - | Member Secretary |
| 12- Sh. S.N. Sharma | - | Special Invitee |
| 13- Prof. S.C. Jain | - | Special Invitee |
| 14- Prof. A.K. Dwivedi | - | Special Invitee |

Following members couldn't attend the meeting-

1- Sh.M.M.Satiya
2- Sh.Bhawani Singh Rajawat
3- Sh. Prahlad Gunjal
4- Sh.S.K.Singh
5- Prof.G.S.Dangayach
6- Dr.G.D.Agrawal
7- Prof.Rakesh Mohan Joshi

After garlanding the Goddess Saraswati and lighting the lamp, meeting was started.

**26वीं प्रबन्ध मण्डल दिनांक 25 जून 2016 को प्रातः 11.00 बजे कुलपति सचिवालय स्थित प्रथम तल के सभागार में आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण । बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित थे–**

1. प्रो.एन.पी.कौशिक
2. श्री रघुवीर सिंह मीना,आई.ए.एस.
3. प्रो.राजीव गुप्ता
4. प्रो.अनिल माथुर
5. प्रो. ओ.पी.छंगाणी
6. प्रो.धीरेन्द्र माथुर
7. प्रो. मिथिलेश कुमार

8. श्री संत कुमार चौधरी
9. श्री विकास बंसल
10. श्री सी.डी.प्रसाद
11. श्री जे.के.पुरोहित सदस्य सचिव
12. श्री एस.एन.शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य
13. प्रो.एस.सी.जैन, विशेष आमंत्रित सदस्य
14. प्रो. ए.के.द्विवेदी, विशेष आमंत्रित सदस्य

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सके–

1. श्री एम.एम.सेतिया
2. श्री भवानी सिंह राजावत
3. श्री प्रहलाद गुंजल
4. श्री एस.के.सिंह
5. प्रो.जी.एस.डंगायच
6. डा.जी.डी.अग्रवाल
7. प्रो.राकेश मोहन जोशी

देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर बैठक को विधिवत रूप से प्रारम्भ किया गया

**BoM 26.1** **To welcome new members of BoM and appreciate contribution made by out-going members.**

To welcome new Chairman of the BoM Prof. N.P. Kaushik and as a member Sh. Rajhans Upadhyay, ACS (TE), Sh. C.D. Prasad, Dr. Vikas Bansal, Sh. Sant Kumar Chaudhary, Sh. Mithilesh Kumar and Sh. J.K. Purohit.

To appreciate the contributions made by Prof. Vinay Pathak as Chairman and Sh. Pawan Kumar Goyal, Prof. Sanjeev Mishra, Prof. N.P. Kaushik, Dr. Asha Singh and Sh. R.P Tripathi as members.

The list of current Honourable Members is enclosed for perusal of members (Annexure-26.1 Page No. 1-2).

**Resolution 26.1** **The Board welcome the new Chairman Prof.N.P.Kaushik, Shri Rajhans Upadhyah, Sh. C.D.Prasad, Dr. Vikas Bansal, Sh. Sant Kumar Chaudhary Sh. Mithilesh Kumar members and Shri Jagdish Kumar Purohit Member Secretary.**

**Board also appreciated the guidance rendered by the outgoing Chairman Prof. Vinay Kumar Pathak, and members Sh. Pawan Kumar Goyal, Prof. Sanjeev Mishra, Prof.N.P.Kaushik, Dr. Asha Singh and Shri R.P.Tripathi.**

प्रम 26.1 **प्रबंध मण्डल के नये सदस्यों का स्वागत एवं निवर्तमान सदस्यों के योगदान की सराहना। (अनुलग्नक 26.1 पृष्ठ संख्या 1–2)**

प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा नये अध्यक्ष प्रो. एन.पी. कौशिक एवं सदस्य श्री राजहंस उपाध्याय (अतिरिक्त मुख्य सचिव, त. शि.), श्री सी.डी. प्रसाद, डा. विकास बंसल, श्री संत कुमार चौधरी, श्री मिथलेश कुमार एवं श्री जे.के. पुरोहित का स्वागत करना। निवर्तमान अध्यक्ष प्रो. विनय पाठक, सदस्य श्री पवन कुमार गोयल, प्रो. संजीव मिश्रा, प्रो. एन.पी.कौशिक डा. आशा सिंह एवं श्री आर.पी. त्रिपाठी द्वारा प्रबंध मण्डल को दिये गये अमूल्य सहयोग के लिए सराहना ज्ञापित करना।

प्रबंध मण्डल के वर्तमान सदस्यों की सूची अनुलग्नक 26.1. पृष्ठ 1–2 अवलोकन हेतु।

**संकल्प 26.1** **प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा नये अध्यक्ष प्रो. एन.पी. कौशिक एवं सदस्य श्री राजहंस उपाध्याय (अतिरिक्त मुख्य सचिव, त. शि.), श्री सी.डी. प्रसाद, डा. विकास बंसल, श्री संत कुमार चौधरी, श्री मिथलेश कुमार एवं श्री जे.के. पुरोहित का स्वागत किया गया एवं निवर्तमान अध्यक्ष प्रो. विनय पाठक, सदस्य श्री पवन कुमार गोयल, प्रो. संजीव**

**मिश्रा, प्रो. एन.पी.कौशिक डा. आशा सिंह एवं श्री आर.पी. त्रिपाठी द्वारा प्रबंध मण्डल को दिये गये अमूल्य सहयोग के लिए सराहना एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।**

**BoM 26.2** **To consider and approve the minutes of 24th meeting of BOM held on 13.07.2015 (Annexure-26.2.1 page No. 3-31) and 25th meeting of BoM held on 19.03.2016 (Annexure 26.2.2 from page 32-38)**

The 24th meeting of Board of Management was held on 13.07.2015 (Annexure-26.2.1 from page 3-31) and 25th meeting of BoM held on 19.03.2016 (Annexure 26.2.2 page No. 32-38) were circulated amongst members.

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.2** **Minutes were approved.**

**प्रम 26.2** **दिनांक 13.07.2015 को हुई प्रबंध मण्डल की 24वीं (अनुलग्नक 26.2.1 पृष्ठ संख्या 3–31) एवं दिनांक 19.03.2016 को हुई 25वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पारित करना। (अनुलग्नक 26.2.2 पृष्ठ संख्या 32–38 तक)**

दिनांक 13.07.2015 को हुई प्रबंध मण्डल की 24वीं (अनुलग्नक 26.2.1 पृष्ठ संख्या 3–31) एवं दिनांक 19.03.2016 को हुई 25वीं बैठक के कार्यवाही विवरण (अनुलग्नक 26.2.2 पृष्ठ संख्या 32–38 ) माननीय सदस्यों को प्रेषित किये गये थे।

उक्त कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.2** **कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया ।**

**BoM 26.3** **To consider and approve action taken report on the approved minutes of 24th meeting of BOM held on 13.07.2015.**

A consolidated report on the action taken on resolutions adopted by the Board of Management in its 24th meeting is submitted for perusal and approval as under. (Annexure 26.3.1.1-20 page 39-60)

प्रम. 26.3 दिनांक 13.07.2015 को हुई प्रबंध मण्डल की 24वीं बैठक का कार्यपालना प्रतिवेदन अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। (अनुलग्नक 26.3.1.1–20 पृष्ठ संख्या 39–60)

**Action Taken Report of 24th Board of Management**

| Item No. | Particulars | Action to be taken by concerned |
|---|---|---|
| BoM 24.1 | To welcome new members of BoM and appreciate contribution made by out-going members. | No Action Required |
| प्र.म. 24.1 | प्रबंध मण्डल के नये सदस्यों का स्वागत एवं निवर्तमान सदस्यों के योगदान की सराहना। | कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं |

| | | |
|---|---|---|
| BoM 24.2 | To consider the minutes of 23rd meeting of BOM held on 14.03.2015 | Seen & Approved |
| प्र.म. 24.2 | दिनांक 14.03.2015 को हुई प्रबंध मण्डल की 23वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पारित करना। | अवलोकन एवं पारित |
| BoM 24.3 | To consider action taken report on the approved minutes of 23rd meeting of BOM held on 14.03.2015: | Seen & Approved |
| प्र.म.24.3 | दिनांक 14.03.2015 को हुई प्रबंध मण्डल की 23वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की कार्य पालना प्रतिवेदन | अवलोकन एवं पारित |
| BoM 24.4 | To consider the Minutes of the 19th Special Academic Council held on 29.04.2015 and 20th Special Academic Council held on 4.06.2015 | Seen & Approved |
| प्र.म.24.4 | क्रमशः दिनांक 29.4.2015 को 19वीं एवं 4.6.2015 को 20वीं आयोजित विशेष अकादमिक परिषद की बैठकों के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत | अवलोकन एवं पारित |
| BoM 24.5 | To approve the minutes of 13th meeting of Finance Committee held on 31.03.2015 and minutes of 14th meeting of Finance Committee held on 29.05.2015 | No Action Required |
| प्र.म.24.5 | दिनांक 31.3.2015 को 13वीं एवं 29.5.2015 को 14वीं वित्त समिति की बैठकों के कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ । | कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं |
| BoM 24.6 | Nomination of a person by Board of Management as member of selection committee for appointment of Vice Chancellor.<br>कुलपति चयन समिति में प्रबंध मण्डल द्वारा सदस्य मनोनीत करने के संबंध में। | Letter sent to HE vide No. 5971-72 dated 13.07.2015 **(Annexure No. 26.3.1.1 Page No. 39)** |
| BoM 24.7 | To consider the recommendations of the selection committees for the promotion of Asstt. Prof., Asso. Prof. and Professors in various departments of RTU under CAS.<br>राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालयों के विभिन्न विभागों में केरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत सहायक प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के पदों पर पदोन्नति के संबंध में चयन समिति की अनुशंसाऐं अनुमोदनार्थ । | Orders issued vide no. 6111-6125, 6094-6110, 6082-6093, 6063-6081, 6051-6062, 6034-6050, 6020-6033, 5998-6019 dated 13.07.2015 **(Annexure No. 26.3.1.2-9 Page No. 40-47 )** |
| BoM 24.8 | To consider the proposed Statutes of Rajasthan Technical University<br>राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित परिनियम माननीय सदस्यों के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। | Statutes sent to HE vide letter no. 8006 dated 12.08.2015 **(Annexure No. 26.3.1.10 Page No. 48 )** |
| BoM 24.9 | To peruse and direction on the matter of appointment of Professor in Computer Science & Engineering Department vide resolution of BoM 20.27<br>प्रबंध मण्डल की 20वीं बैठक के बिन्दु संख्या 20.27 पर कम्प्युटर साईंस विभाग में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति प्रकरण के अवलोकन एवं निर्देशन हेतु। | Letter sent to AICTE vide No.9367 Dated 16.09.2015 **(Annexure No. 26.3.1.11 Page No. 49 )** |
| BoM 24.10 | To peruse and direction on the matter of appointment | Letter sent to AICTE vide No. 9368 Dated 16.09.2015 |

| | | |
|---|---|---|
| | of Asstt. Professor in Electronics Instrumentation & Control Department vide resolution of BoM 20.27<br>प्रबंध मण्डल की 20वीं बैठक के बिन्दु संख्या 20.27 पर इलेक्ट्रोनिक्स इंस्ट्रूमेंन्टेशन एण्ड कन्ट्रोल विभाग में सहायक प्रोफेसर पद पर नियुक्ति प्रकरण अवलोकन एवं निर्देशन हेतु। | **(Annexure No. 26.3.1.12 Page No. 50 )** |
| BoM 24.11 | Recommendation of of Committee constituted vide BoM agenda Item no. 20.11 (held on 23.9.2014) for allowing notional increments to the teachers who served other institutions after taking extra ordinary leave from the University.<br>दिनांक 23.9.2014 को आयोजित प्रबन्ध मण्डल की 20वीं बैठक के बिन्दु संख्या 20.11 पर शिक्षकों के द्वारा अन्यत्र संस्थानो में विश्वविद्यालय से असाधारण अवकाश लेकर जाने पर उक्त अवधि के काल्पनिक वेतन वृद्धि हेतु गठित समिति की अनुशंसा बाबत्। | Order issued vide no **8043-66** dated 12.08.2015<br>**(Annexure No. 26.3.1.13 Page No. 51 )** |
| BoM 24.12 | To Consider the Performa for Annual Performance Appraisal Report (APAR) for the University Faculty.<br>विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन का प्रारूप अनुमोदन हेतु (परिशिष्ट संख्या 24.12 पृष्ठ संख्या 207 से 215 पर) माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है । | Order issued vide no 1821-31 dated 29.02.2016<br>**(Annexure No. 26.3.1.14 Page No. 52)** |
| BoM 24.13 | To consider the selection criteria for open selections of Asstt. Prof., Asso. Prof. and Professors of University Departments of RTU.<br>विश्वविद्यालय के विभागों के लिए सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर्स की सीधी भर्ती के लिए मानक/कसौटी पर विचार करना। | Agenda Item submitted again in 26 BoM Meeting |
| BoM 24.14 | To consider the digital evaluation (through scanning) of answer books from exams of academic session 2015-16.<br>सत्र 2015–16 से आयोजित की जाने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को स्केन कर उनकी जांच डिजीटल मूल्यांकन प्रक्रिया के करवाये जाने के संबंध में। | Directions has been given to COE in this regard.<br>परीक्षा नियंत्रक को इस हेतु निर्देशित किया जा चुका है। |
| BoM 24.1 (R) | To peruse the office orders approved by Hon'ble Vice Chancellor under section of 12 (6) of RTU Act 2006 for smooth functioning of the University.<br>राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12(6) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न करने हेतु प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किये | No action needed<br>कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं। |

| | | |
|---|---|---|
| | गये आदेशों के अवलोकनार्थ। | |
| BoM 24.2 (R) | To peruse the pension order issued in the light of BoM resolution no 20.16<br>प्रबन्ध मण्डल के संकल्प 20.16 में लिए गए निर्णयानुरूप पेंशन का आदेश अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। | Letter has been sent to Govt. vide no. 4413 dated 4-06-2016. **(Annexure No. 26.3.1.15 Page No. 53 )** |
| BoM 24.1.T | Several Legal cases are pending and regularly new legal cases being filed before the different legal courts. Maximum legal cases are pending and being filed before Hon'ble High Court, Jaipur bench and Hon'ble Courts of Kota. Therefore it will be beneficial for the University to appoint a Standing Council at Jaipur and at Kota on similarly grounds as that of being appointed by the other Universities, for timely disposal and proper action in the legal cases.<br>विश्वविद्यालय में राज्य के विभिन्न न्यायालयों में विधिक प्रकरण लंबित है तथा समय समय पर विधिक प्रकरण भी दर्ज होते रहते हैं। इन विधिक प्रकरणों में अधिकतर प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय जयपुर पीठ, जयपुर एवं माननीय न्यायालय, कोटा में लंबित है एवं दर्ज भी होते है। अतः उक्त न्यायालयों में लंबित विधिक प्रकरणों के त्वरित निस्तारण एवं निष्पादन तथा नए प्रकरणों के संबंध में समय पर विधिक कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु अन्य विश्वविद्यालयों की तरह जयपुर एवं कोटा में विश्वविद्यालय की तरफ से एक–एक स्टेंडिंग कॉउसिल की नियुक्ति करना उचित होगा। | Agenda Item submitted again in 26 BoM Meeting<br>प्रस्ताव 26वी प्रबंध मण्डल की बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जा रहा है। |
| BoM T 24.2 | Duties of the Legal Advisor, Standing Council, Advocate and Officer-in charge in the legal matters of the University.<br>विश्वविद्यालय के विधि सलाहकार, स्टेंडिंग कॉउंसिल, अधिवक्ता तथा प्रभारी अधिकारी विधिक प्रकरण के कर्तव्य | Agenda Item submitted again in 26 BoM Meeting.<br>प्रस्ताव 26वी प्रबंध मण्डल की बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जा रहा है। |
| BoM T24.3 | An enquiry constituted against Dr. Rajesh Kumar Lidiya, Associate Professor (English), Deptt. of English and Applied Sciences under 16 CCA of Rajasthan Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules,1958.<br>डा. राजेश लीडिया, एसोसिएट प्रोफेसर (अंग्रेजी), अंग्रेजी एवं एप्लाईड सांइस विभाग के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के तहत 16 सीसीए जांच | Order issued vide no. 15530-38 dated 12.02.2016 **(Annexure No. 26.3.1.16 Page No. 54)** |
| BOM T 24.4 | An enquiry constituted against Shri Anant Ballal, Associate Professor, Mechanical Engineering, Rajasthan Technical University, Kota under Rajasthan Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules,1958.<br>श्री अनन्त बलाल, एसोसिएट प्रोफेसर के विरूद्ध राजस्थान | Order issued vide no. 7995-8002 dated 12.08.2015 and 8369-76 dated 28.09.2015 **(Annexure No. 26.3.1.17 Page No.55-56 )** |

| | | |
|---|---|---|
| | सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के तहत जांच | |
| BOM T 24.5 | To take prior approval for starting consultancy/ coaching/ website etc.by the faculty/ Family members of RTU.<br>विश्वविद्यालय मे कार्यरत शिक्षकों/परिवार के सदस्यों द्वारा कॉचिंग अथवा कॉचिंग/व्यक्तिगत कंसलटेंली/वेबसाईट संचालन से पूर्व विश्वविद्यालय की अनुमति प्राप्त करने बाबत। | Circular issued vide **no. 6634-40** dated 25.07.2015 **and a** reminder vide no. **9203-08** dated 10.09.2015<br>**(Annexure No. 26.3.1.18 Page No. 57-58 )** |
| BOM T 24.6 | To consider relaxation in purchase of Air Conditioners in persuance of Finance Department (Income & Expenditure Section) letter No. प9 (1)वित्त–1(1)आ.व्य/2010 दिनांक 30.6.2010. by the BoM<br><br>वित्त विभाग (आय–व्ययक अनुभाग) द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प9 (1)वित्त–1(1)आ.व्य/2010 दिनांक 30.6.2010 के अनुसार एयर कंडीशनर क्रय हेतु संचालक मण्डल द्वारा शिथिलता प्रदान करने के संबंध में। | Agenda Item submitted **again** in 26 BoM Meeting.<br><br>प्रस्ताव 26वी प्रबंध मण्डल की बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जा रहा है। |
| BOM T 24.7 | To consider the matter of Lab Attendant/Medical Attendant promotion as per resolution of BoM.<br>प्रयोगशाला अनुचर /मेडिकल अटेण्डेण्ट की पदोन्नतियों का प्रकरण प्रबंध मण्डल के समक्ष विचारार्थ । | दिनांक 7.5.2016 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई जिसका निर्णय निम्नानुसार है:<br>8 प्रतिशत पदोन्नति लेबोरेट्री अटेण्डेण्ट /मेडिकल अटेण्डेण्ट पद से क्लर्क ग्रेड II पद पर प्रबंध मण्डल की छठी बैठक के संकल्प 6. 8 एवं प्रबंध मण्डल की 24वीं बैठक के संकल्प टी. 24.7 की अनुपालना में समिति ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के नियम एवं राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिक संवर्ग नियम, 1999 के नियमों के अन्तर्गत परीक्षण करते हुए पाया कि उक्त प्रावधान दोनों ही नियमों में उपलब्ध नहीं है। अतः समिति द्वारा पदोन्नति हेतु कोई अनुशंसा नहीं की गई। माननीय कुलपति महोदय द्वारा उक्त अनुशंसा का अनुमोदन किया गया। (अनुलग्नक 26.3.1.19 पृष्ठ संख्या 59 ) |
| BOM AOI | On the behalf of Sri Prahlad Gunjal, the family of late Abhiraj Singh, Student of 1st year should be given Rs. 3.00 Lacs from University fund.<br>श्री प्रहलाद गुंजल की ओर से स्व0 श्री अभिराज सिंह, छात्र प्रथम वर्ष के परिजनों को विश्वविद्यालय फण्ड से राशि रूपये 3.00 लाख रूपये देने की सिफारिश की गई। | Order issued vide no. 9246-52 dated 11.09.2015<br>**(Annexure No. 26.3.1.20 Page No. 60 )** |

**Resolution 26.3** (i) **Letter received in reference to agenda item No.BoM 24.7 from Jt. Secretary Technical Education and in reference to agenda item No.24.7, 24.9, 24.2(R) 26.9 and 26.17 letter received from Sh. Prahlad Gunjal, Hon'ble MLA were put up for perusal of members in the meeting.**

(ii) **In reference to BoM 24.5 it was resolved that undertaking shall be taken up to 15.7.2016.**

**Members perused and approved the action taken report.**

संकल्प 26.3 (1) **प्रबन्ध मंडल की बैठक के बिन्दु संख्या 24.7 के सन्दर्भ में संयुक्त सचिव तकनीकी शिक्षा एवं एजेण्डा क्रमांक 24.7 24.9, 24.2 26.9 एवं 26.17के सन्दर्भ में श्री प्रहलाद गुंजल माननीय विधायक से प्राप्त पत्रों को माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ रखा गया था ।**

(2) **प्रबन्ध मण्डल के बिन्दु संख्या 24.5 के सन्दर्भ में निर्णय लिया गया कि बाकी बचे संकाय सदस्यों से दि. 15 जुलाई 2016 तक अण्डरटेकिंग प्राप्त की जावे**

माननीय सदस्यों द्वारा कार्यवाही प्रतिवेदन का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया ।

**BoM 26.4** **To consider and approve action taken report on the approved minutes of 25th meeting of BoM held on 19.03.2016**

**प्रम 26.4** **दिनांक 19.03.2016 को हुई प्रबंध मण्डल की 25वीं विशेष बैठक का कार्यपालना प्रतिवेदन ।**

## Action Taken Report of 25th Board of Management

| | | |
|---|---|---|
| **BoM 25.1(S)** | BoM 25.1(S) To amend the Convocation ordinance No. O-8 & O-9 of Rajasthan Technical University, Kota. | Approved |
| प्र.म. 25.1(वि) | राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा दीक्षान्त समारोह अध्यादेश संख्या O-8 & O-9 में संशोधन | अनुमोदित |
| BoM 25.2(S) | To consider and pass the grace for the conferment of degrees of examination year 2015 of UG, PG and Ph.D. course. | Approved |
| प्र.म. 25.2(वि) | परीक्षा वर्ष 2015 के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को उपाधि अनुग्रहित करने के क्रम में। | अनुमोदित |

**Resolution 26.4** **Members perused and approved the action taken report.**

संकल्प 26.4 माननीय सदस्यों द्वारा कार्यवाही प्रतिवेदन का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया ।

**BoM 26.5** **To consider and approve the Minutes of the 21st Special Academic Council held on 19.03.2016 (Annexure-26.5.1 page No. 61-68) and 22nd Academic Council held on 30.03.2016 (Annexure-26.5.2 page 69-86)**

The Minutes of the 21st Special Academic Council held on 19.03.2016 (Annexure-26.5.1 from page 61-88) and 22nd Academic Council held on 30.03.2016 (Annexure-26.5.2 from page 69-86)

The minutes of the meeting placed before the BoM members.

Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.5** **Minutes were approved. A Committee already constituted as - Prof. Anil K. Mathur Convener, Dean, Faculty Affairs and Dean Acadmic shall submit compliance of agenda item AC 20.2(s), 20.3 and subsequently placed as agenda item AC 22.14 within 15 days.**

**प्रम 26.5** **दिनांक 19.03.2016 को हुई विद्या परिषद की 21वीं विशेष बैठक (अनुलग्नक 26.5.1 पृष्ठ संख्या 61–68) एवं दिनांक 30.03.2016 को हुई विद्या परिषद की 22वीं बैठक (अनुलग्नक 26.5.2 पृष्ठ संख्या 69–86) के कार्यवाही विवरण पारित करना।**

दिनांक 19.03.2016 को हुई विद्या परिषद की 21वीं विशेष बैठक (अनुलग्नक 26.5.1 पृष्ठ संख्या 61–68) एवं दिनांक 30.03.2016 को हुई विद्या परिषद की 22वीं बैठक (अनुलग्नक 26.5.2 पृष्ठ संख्या 69–86) अवलोकनार्थ संलग्न है।

उक्त कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.5** **कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया । पूर्व में गठित समिति में कन्वीनर प्रो. अनिल के माथुर एवं सदस्य डीन फेकल्टी अफेयर्स एवं डीन अकादमिक हैं । यह समिति अकादमिक समिति की बैठक एजेण्डा न.20.2(वि )20.3 एवं तत्पश्चात् अकादमिक समिति की बैठक के बिन्दु संख्या 22.14 की अनुपालना में अपना प्रतिवेदन 15 दिन में प्रस्तुत करेगी ।**

**BoM 26.6** **To consider and approve the minutes of 15th meeting of Finance Committee held on 18.03.2016.**

The 15th Finance Committee was held on 18.03.2016 and their minute is placed at (Annexure 26.6 Page No. 87-112).

Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution26.6** **Minutes were approved, however, it was suggested that in future the budget shall be put up in BoM under separate agenda item.**

**प्रम 26.6** दिनांक 18.03.2016 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की 15वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना। (अनुलग्नक 26.6 पृष्ठ संख्या 87–112)

दिनांक 18.03.2016 को हुई वित्त समिति की 15वीं बैठक के कार्यवाही विवरण अनुलग्नक 26.6 पृष्ठ संख्या 87–112 संलग्न है।

उक्त कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प 26.6 **प्रबन्ध मण्डल द्वारा वित समिति की 15वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया तथापि यह निर्देश दिए गए कि भविष्य में बजट के सन्दर्भ में एक अलग से प्रस्ताव रखा जाकर प्रबन्ध मण्डल से अनुमोदन करवाया जावे ।**

BoM 26.7 **Several Legal cases are pending and regularly new legal cases being filed before the different legal courts. Maximum legal cases are pending and being filed before Hon'ble High Court, Jaipur bench and Hon'ble Courts of Kota. Therefore, it will be appropriate for the University to appoint a Standing Council at Jaipur and at Kota on similarly grounds as that of being appointed by the other Universities, for timely disposal and proper action in the legal cases.**

Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.7** **Agreed in principle.**

प्रम 26.7 विश्वविद्यालय में राज्य के विभिन्न न्यायालयों में विधिक प्रकरण लंबित है तथा समय समय पर विधिक प्रकरण भी दर्ज होते रहते हैं। इन विधिक प्रकरणों में अधिकतर प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय जयपुर पीठ, जयपुर एवं माननीय न्यायालय, कोटा में लंबित है एवं दर्ज भी होते है। अतः उक्त न्यायालयों मं लंबित विधिक प्रकरणों के त्वरित निस्तारण एवं निष्पादन तथा नए प्रकरणों के संबंध में समय पर विधिक कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु अन्य विश्वविद्यालयों की तरह जयपुर एवं कोटा में विश्वविद्यालय की तरफ से एक–एक स्टेंडिंग कॉउंसिल की नियुक्ति करना उचित होगा।

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प 26.7 सैद्धान्तिक रूप से सहमति प्रदान की गई ।

BoM 26.8 **Duties of the Legal Advisor, Standing Council, Advocate and Officer-in charge in the legal matters of the University.**

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.8** **Proposal was dropped.**

प्रम 26.8 विश्वविद्यालय के विधि सलाहकार, स्टेंडिंग कॉउंसिल, अधिवक्ता तथा प्रभारी अधिकारी विधिक प्रकरण के कर्तव्य

उक्त कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प 26.8 प्रस्ताव को निरस्त किया गया ।

प्रम 26.9 **विष्वविद्यालय द्वारा क्रय किये गये एयर कंडीशनर्स की कार्योत्तर स्वीकृति/शिथिलता के संबंध में।**

1 वित्त विभाग (आय–व्ययक अनुभाग) के परिपत्र दिनांक 30.06.2010 से जारी मितव्ययता संबंधी निर्देशों के बिन्दु संख्या 3(1) में एयर कंडीशनर का क्रय वित्त विभाग की पूर्वानुमति से ही किये जाने के निर्देश प्रदत्त है तथापि "राजकीय उपक्रमों, कम्पनियों, बोर्ड्स एवं निकायों में रिक्त पदों पर नियुक्ति, पदो के सृजन एवं क्रमोन्नयन के प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य मामलों में यदि अपरिहार्य कारणो से शिथिलता आवश्यक हो तो उस पर संबंधित संचालक मंडल निर्णय ले सकेगा।" (अनुलग्नक 26.9.1 पृष्ठ संख्या 113–114)

2 श्री राजन करीर, एसोसियेट प्रोफेसर तत्कालीन OIC द्वारा विभागाध्यक्षों/डीन्स की बैठक का हवाला देते हुये 95 एयरकंडीशनर क्रय करने की अभिशंषा की गई तथा वित्त नियंत्रक द्वारा उप/सहायक कुलसचिवों के लिए 15 अतिरिक्त एयर कंडीशनर क्रय करने की मांग की गई जिसे तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति श्री विनय पाठक द्वारा अनुमोदित किया गया।

3 तत्कालीन क्रय समिति द्वारा DGS&D दर संविदाधारी फर्म मैसर्स हिताची होम एण्ड लाइफ सोल्युशन्स लिमि., गुजरात से एयर कंडीशनर्स क्रय करने का निर्णय लिया गया तथा वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2010 के अनुसरण में संचालक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की अनुशंषा की गई। जिसके क्रम में उक्त उपापन का टेबल एजेण्डा BOMT 24.06 प्रबंध मण्डल की 24वीं बैठक दिनांक 13.07.2015 में प्रस्तुत किया गया किन्तु तत्समय उक्त बैठक के कार्यवाही विवरण जारी न होने की स्थिति में माननीय कुलपति द्वारा उक्त उपापन दिनांक 13.07.2015 को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 12(6) के अन्तर्गत अनुमोदित किया गया जिसको प्रबंध मंडल की 24वीं बैठक दिनाक 13.07.2015 के बिन्दु सख्या BOMT 24-6 पर वित्त विभाग के पूर्वोक्त परिपत्र दिनांक 30.06.2010 के परिपेक्ष्य में क्रय संबंधी शिथिलता प्राप्त करने हेतु संकल्प पारित किया गया (अनुलग्नक 26.9.2 पृष्ठ संख्या 115)

4 तदुपरान्त वित्त नियंत्रक के आदेश क्रमांक 6305–07 दिनांक 21.07.2015 से मैसर्स हिताची लि. के पक्ष में 110 एयर कंडीशनर का आपूर्ति आदेश राशि रु. 35 96 लाख जारी किया गया (अनुलग्नक 26.9.3 पृष्ठ संख्या 116)

5 तत्पश्चात् कुलसचिव के आई.ओ.एन. दिनांक 04.08.2015 से प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 13.07.2015 का अंतिम कार्यवाही विवरण जारी कर बिन्दु संख्या 24.6 से पूर्वोक्त संकल्प प्रत्याहरित किया जाकर यह निर्णय लिया गया कि एजेण्डा आगे पुनः रखा जावेगा (अनुलग्नक 26.9.4 पृष्ठ संख्या 117–118)

6 उक्त आपूर्ति के समक्ष उपाप्त सामग्री/उपकरणों का निरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से समस्त 110 एयर कंडीशनर्स की आपूर्ति एवं प्रतिस्थापन प्रमाणित किया गया (अनुलग्नक 26.9.5 पृष्ठ संख्या 119)

7 विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के पत्रांक 861 दिनांक 02.02.2016 से "प्रबंध मंडल की बिना स्वीकृति राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में खरीदे 110 ए.सी." के संबंध में तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गई। (अनुलग्नक 26.9.6 पृष्ठ संख्या 120)

8 फर्म मैसर्स हिताची लिमि., द्वारा आपूर्त सामग्री/उपकरणों के प्रस्तुत बिलों के भुगतान की मांग की जा रही है (अनुलग्नक 26.9.7 पृष्ठ संख्या 121)

9 प्रकरण वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रकरण का अवलोकन एवं आवश्यक विचार विमर्श उपरांत निम्नांकित निर्देश प्रदान किये गये कि (अनुलग्नक 26.9.8 पृष्ठ संख्या 122–124)

(i) वित्त विभाग के वित्तीय मितव्ययिता परिपत्र दिनांक 30.06.2010 के अंतर्गत उपगत सामग्री का औचित्य परिवर्णित करते हुये पृथक एजेण्डा प्रबंध मण्डल के समक्ष अपेक्षित शिथिलता/कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निर्णयार्थ रखा जावे।

(ii) भविष्य में ऐसी घटनाओं/गतिविधियों की पुनरावृत्ति पर अंकुश हेतु विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

(iii) वित्तीय मितव्ययिता के परिपेक्ष्य में बिजली की खपत पर सम्भाव्य व्यय को दृष्टिगत रखते हुए उपाप्त उपकरणों/सामग्री का औचित्य पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठायें जावे।

अतः प्रकरण प्रबंध मण्डल के समक्ष विचारार्थ एवं विश्वविद्यालय द्वारा क्रय किये 110 एयर कंडीशनर्स की कार्योत्तर स्वीकृति/शिथिलता हेतु निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प 26.9 उपरोक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया तथा राज्य सरकार से **अनुमति प्राप्त कर भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई ।**

**प्र.म. 26.10 विष्वविद्यालय कोष से अनुकम्पा राशि स्वीकृत करने के संबंध में।**

1 संघटक महाविद्यालय के छात्र श्री अभिराज सिंह (बी.टेक प्रथम वर्ष) की दिनांक 09.07.2015 को जवाहर सागर डेम से अचानक पानी छोडने के कारण पानी में बहने एवं चट्टान से सिर टकराने से मृत्यु होने पर स्व. छात्र के पिता श्री रघुराज

सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर राशि रू. 3.00 लाख अनुकम्पा राशि प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया।

2 दिनांक 13.07.2015 को सम्पन्न प्रबंध मंडल की 24वीं बैठक के कार्यवाही विवरण के पृष्ठांकन में तत्कालीन कुलपति श्री विनय पाठक द्वारा हस्तलिखित टिप्पणी की गई कि "On the behalf of Shri Prahlad Gunjal, the family of late Abhiraj Singh student of Ist year should be given Rs. 3.00 lacs from University Fund." (अनुलग्नक 26.10.1 पृष्ठ संख्या 125)

3 कुलसचिव के कार्यालय आदेश क्रमांक 9246–52 दिनांक 11.09.2015 से प्रबंध मंडल की बैठक दिनांक 13.07.2015 का हवाला देते हुए स्व. श्री अभिराज सिंह के परिजनों को विश्वविद्यालय कोष से राशि रू. 3.00 लाख दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई (अनुलग्नक 26.10..2 पृष्ठ संख्या 126–127)

4 विद्यार्थी सुरक्षा दुर्घटना बीमा योजनान्तर्गत संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग, कोटा के आदेश क्रमांक 80 दिनांक 28.09.2015 से प्रकरण में दावेदार श्री रघुराज सिंह (स्व. अभिराज सिंह सोलंकी के पिता) के पक्ष में राशि रू. 1.00 लाख भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। (अनुलग्नक 26.10.3 पृष्ठ संख्या 128)

5 विश्वविद्यालय नियमों/परिनियमों में विश्वविद्यालय कोष से आलोच्य सहायता के संबंध में समुचित उपाबन्ध नहीं होने पर प्रकरण को 15वीं वित्त समिति के बिन्दु संख्या 15.9 पर विचारार्थ/निर्णयार्थ रखा गया। (अनुलग्नक 26.10.4 पृष्ठ संख्या 129–130)

6 वित्त समिति द्वारा प्रकरण में निर्देश दिये गये कि राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के परिनियमों/अध्यादेशों को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत किये जाने से तत्सबंधी सुसंगत उपाबन्धों अथवा विश्वविद्यालय के स्टाफ वेलफेयर फण्ड में विहित प्रावधानों के परिपेक्ष्य में वांछित प्रस्ताव तैयार कर प्रबंध मण्डल के समक्ष विचारार्थ/निर्णयार्थ रखा जावे।

7 राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के परिनियमों/अध्यादेशों में विश्वविद्यालय स्तर पर कराये गये छात्रों के बीमा पॉलिसी के अतिरिक्त कोई प्रावधान होना नही पाया जाता है।

8 विश्वविद्यालय के स्टाफ वेलफेयर फण्ड के अन्तर्गत विभिन्न अनुदान/सहायता के संबंध में वित्त समिति की 11वीं बैठक के टेबल एजेण्डा सं. 11.2 के बिन्दु संख्या 5 पर यह संकल्प पारित है कि "स्टाफ वेलफेयर फण्ड नियमों के अन्तर्गत कवर न होने वाले प्रकरणों में माननीय कुलपति राशि रू. 1.00 लाख एक अवसर पर एवं वित्तीय वर्ष में राशि रू. 5.00 लाख की सीमा में अनुदान/विशेष सहायता स्वीकृत कर सकेंगे।" (अनुलग्नक 26.10.5 पृष्ठ संख्या 131–132) वित्तीय वर्ष

2015–16 में आलोच्य प्रकरणों के अन्तर्गत कोई अनुदान राशि स्वीकृत नहीं की गई है।

अतः प्रकरण मण्डल के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प 26.10 **सदस्यों का अभिमत था कि "आन बिहाफ आफ" प्रहलाद गुंजल नहीं होना चाहिए अपितु "श्री प्रहलाद गुंजलजी की सलाह एवं प्रबंध मण्डल के निर्णयानुसार छात्र को अनुकम्पा राशि जारी की जाती है," यह अंकित होना चाहिए । प्रस्तुत प्रकरण में छात्र को एक लाख रूपये की राशि दुर्घटना बीमा के माध्यम से दी जा चुकी है । राशि 1. 00 लाख रूपये स्टाफ वेलफेयर फण्ड से जारी करने का निर्णय किया गया । भविष्य में ऐसे प्रकरणों पर नीति निर्धारण हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा समिति का गठन करने का अनुमोदन किया गया ।**

**BoM 26.11** **To Consider the draft Annual Report 2014-15 (CD Attached)**

The Annual Report of the University has been prepared as per the provision in the Act of University.
The report is submitted for perusal and approval.

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.11** **Annual Report 2014-15 was approved with modifications suggested.**

प्र.म. 26.11 प्रारूप वार्षिक रिपोर्ट 2014–15 (सीडी संलग्न) पर विचार करना ।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 के अनुरूप विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। रिपोर्ट माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प 26.11 **वार्षिक रिपोर्ट 2014–15 में सुधारों के सुझावों के साथ अनुमोदन किया गया।**

BoM 26.12 **To approve the proposed list of Members for "Board of Governors" (BoG) under Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) scheme of MHRD**

Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) Scheme of MHRD is a centrally sponsored scheme with matching contribution from the concerned state government and Union Territory. The project will spread over XII and XIII plan.

An infrastructure grant of Rs. 20 crore (twenty crore) is sanctioned to Rajasthan Technical University, Kota under Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) Scheme of MHRD for the 12th plan period.

Against above sanctioned amount, as per letter of Rajasthan State Project Directorate letter no. F(30)16SPD/RUSA/2016/219 dated 31 March 2016, it is communicated to RTU that approval is granted as infrastructure grant to release Rs.10 crore (Ten Crore) only in the bank account as first installment in 2015-16 including Rs. 600 lakh as centre share and Rs. 400 lakh is state share) under RUSA scheme of MHRD. (Annexure 26.12.1 page 133)

In carrying out the activities under RUSA scheme at the beneficiary Institution level, two bodies are to be framed, i.e. the Board of Governors (BoG)/ Syndicate and Project Monitoring Unit (PMU).

The Board of Governors (BoG)/ Syndicate will monitor the progress of institutional progress under RUSA scheme on a regular basis. BoG shall provide guidance for improving the performance of the institution in project implementation and report to State Project Directorate. Thus BoG functions shall be to form, supervise and guide various committees required for project implementation and internal project monitoring. (Annexure 26.12.2 page 134)

BoG could be a 10 to 15 member body chaired by an eminent individual. The board members should comprise individuals from the institutions itself, State Government, Society, industry as well as the academia.

The proposed list of Members of Board of Governors under RUSA scheme of MHRD is enclosed for perusal of members (Annexure 26.12.3 page 135-136). The Vice Chancellor shall be authorised to nominate members due to non availability of members.

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.12** **Proposal was approved with addition of name of Pro VC in the BoG list.**

प्र.म. 26.12 मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान हेतु **शासी मंडल के सदस्यों की सूची के अनुमोदन हेतु।**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित योजना है जिसमें समतुल्य अनुदान संबंधित राज्य अथवा केन्द्रशासित प्रदेश सरकार देय है। यह परियोजना भारत सरकार की बाहरवीं व तेरहवीं योजना का भाग है।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत बाहरवी योजनांनर्गत बीस करोड रूपयो का आधरभूत संरचना अनुदान स्वीकृत हुआ है।

उक्त अनदान की स्वीकृति के विषय में राजस्थान राज्य योजना निदेशालय के पत्र F(30)16SPD/RUSA/2016/219 dated 31 March, 2016 द्वारा सूचित किया गया था कि आधरभूत संरचना अनुदान की पहली किश्त के रूप में रूपये दस करोड़, जिसमें रूपये छः सौ लाख केन्द्रीय अंश व रूपये चार सौ लाख राज्य अंश के रूप में बैंक खाते में जारी किये गये है। (अनुलग्नक 26.12.1 पृष्ठ 133)

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत लाभान्वित संस्थान को गतिविधियां आरम्भ करने हेतु दो निकायों, शासी मण्डल व योजना परीवेक्षण इकाई, का गठन करना अनिवार्य है।

शासी मंडल राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के प्रावधनो के अन्तर्गत संस्थान की प्रगति का नियमित परीवेक्षण करेगा। शासी मंडल संस्थान के प्रदर्शन में अभिवृद्धि हेतु समुचित मार्गदर्शन देगा व राज्य योजना निदेशालय को सूचित करता रहेगा। इस प्रकार शासी मंडल के अधिकार क्षैत्र में योजना कार्यान्वयन तथा आंतरिक मूल्यांकन हेतु विभिन्न समितियों का गठन, परीवेक्षण एवं मार्गदर्शन भी सम्मिलित है। (अनुलग्नक 26.12.2 पृष्ठ 134)

उक्त शासी मंडल में एक गणमान्य विशेषज्ञ की अध्यक्षता में दस से पन्द्रह सदस्य होगें। सदस्य संस्थान के भीतर से, राज्य सरकार से, अन्य संस्थानो या शैक्षणिक क्षैत्रों से संबद्व होगें।
राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत शासी मंडल के प्रस्ताावित सदस्यों की सूची सदस्यों के संदर्शन हेतु संलग्न है। (अनुलग्नक 26.12.3 पृष्ठ 135–136) समिति में किसी भी, सदस्य के अनुपलब्धता की स्थिति में कुलपति दूसरे किसी सदस्य को नामित करने के लिए अधिकृत होंगे।

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.12** शासी मंडल की सूची में प्रति कुलपति के नाम को सम्मिलित करते हुए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**BoM 26.13** **To approve the proposed list of Members for "Project Monitoring Unit" (PMU) under Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) scheme of MHRD**

The Project Monitoring Unit of the Institute will perform the following roles:

a) Procurement of goods, works and services.
b) Financial management and performance audit

c) Implementation of faculty and staff development programs
d) Periodically update the MIS.

The composition of Project Monitoring Unit shall have the reprentratives from academic, officials of the institution, faculty, senior administrative officers, technical and non-technical supporting staff and students. (Annexure 26.13.1 page 137-138)

The proposed list of Members of Project Monitoring Unit under RUSA scheme of MHRD is enclosed for perusal of members. (Annexure 26.13.2 page 139-140). The Vice Chancellor shall be authorised to nominate members due to non availability of members.

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.13** **Approved.**

प्र.म. 26.13 **मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान हेतु योजना परीवेक्षण इकाई के सदस्यों की सूची के अनुमोदन हेतु**

संस्थान हेतु गठित योजना परीवेक्षण इकाई की निम्न भूमिका होगी।

1. वस्तुओं, संसाधनो तथा सेवाओं का उपार्जन
2. वित्त प्रबधन व निष्पादन लेखापरीक्षण
3. संकाय व विद्यार्थी विकास कार्यक्रमों का कार्यान्वयन
4. प्रबंधन सूचना प्रणाली में निरंतर अद्यतन

उक्त योजना परीवेक्षण इकाई में संस्थानिक अधिकारी, संकाय सदस्य, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शैक्षणिक तथा सहशैक्षणिक अधिकारी/प्रतिनिधि तथा विद्यार्थी सदस्य होगें। (अनुलग्नक 26.13.1 पृष्ठ 137–138)

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत योजना परीवेक्षण इकाई के प्रस्तावित सदस्यों की सूची सदस्यों के संदर्शन हेतु संलग्न है। (अनुलग्नक 26.13.2 पृष्ठ 139–140) समिति में किसी भी, सदस्य के अनुपलब्धता की स्थिति में कुलपति दूसरे किसी सदस्य को नामित करने के लिए अधिकृत होंगे।

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.13** **अनुमोदन किया गया ।**

**BoM 26.14** **To approve the proposed "Activity Chart" under Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) scheme of MHRD**

An activity chart giving details of road map of work undertaken under Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) scheme of MHRD at RTU with target dates is to be prepared and approved by Board of Governors to ensure utilization of grants and has to be communicated to State Project Directorate.

The proposed activity chart under RUSA scheme of MHRD at RTU is enclosed for perusal of members. (Annexure 26.14 page 141)

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.14** **Members opined that "activity chart" should be replaced by "budget" as proposed in agenda item. The budget was approved.**

**प्र.म. 26.14** **मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत गतिविधियों की रूपरेखा के अनुमोदन हेतु।**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों व गतिविधियों की रूपरेखा शासी मंडल द्वारा तैयार कर अनुमोदित की जानी है तथा राज्य योजना निदेशालय को सूचित किया जाना है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित गतिविधि रूपरेखा सदस्यों के संदर्शन हेतु संलग्न है। (अनुलग्नक 26.14 पृष्ठ 141)

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.14** **सदस्यों द्वारा मत प्रकट किया गया कि "गतिविधियों की रूपरेखा के स्थान पर" "बजट" लिखा जावे जैसा कि प्रस्ताव में प्रस्तुत किया गया है । बजट का अनुमोदन किया गया ।**

**BoM 26.15** **To approve the constitution procedure to form various committees to carry out the activities required to be performed under Rashtriya Uchchatar Siksha Abhiyan (RUSA) scheme of MHRD at RTU, besides BoG .**

An Institutional Development Plan depicts the source requirements at institution level as well as at its sub units for program implementation. As per Activity Chart Institutional Development Plan and Various Sub Committees shall be required to be formed for carrying out smooth functioning of RUSA Project work at RTU.

It is proposed that Nodal officer of Project (Chairman of PMU) after seeking approval of Honourable VC (BoG Chairman) may issue orders from time to time for constitution of sub committees, required to smoothly perform the work under RUSA scheme of MHRD at RTU. The same will be reported before BoG, when.

Hon'ble Members are requested to kindly approve the same.

**Resolution 26.15** **Approved.**

प्र.म. 26.15 **मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्धारा प्रवर्तित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिये समितियों के गठन हेतु वैधानिक प्रकिया के अनुमोदन हेतु।**

संस्थानिक विकास कार्ययोजना द्वारा आवश्यकताओं तथा साधनों का संस्थानिक स्तर पर तथा कार्यक्रम कार्यान्वियन हेतु उप इकाई स्तर तक विस्तृत निरूपण किया जाता है। गतिविधियों की रूपरेखा को साकार करने हेतु संस्थानिक विकास कार्ययोजना निरूपण तथा विभिन्न उप इकाईयों का गठन किया जाना आवश्यक है ताकि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान परियोजना का सुचारू संचालन किया जा सकें।

अतः प्रस्तावित है कि योजना के मुख्याधिकारी (योजना परीवेक्षण इकाई के अध्यक्ष) माननीय कुलपति महोदय से स्वीकृति प्राप्त कर समय समय पर विभिन्न समितियों एवं उपसमितियों के गठन के आदेश जारी करने हेतु सक्षम होगें, जो कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान परियोजना के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक है। उक्त कार्यकलाप शासी मंडल के समक्ष यथोपेक्षित प्रस्तुत किये जायेंगें।

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.15** **अनुमोदन किया गया ।**

प्र.म. 26.16 **राजस्थान तकनीकी विष्वविद्यालय, कोटा के शिक्षकों को प्रोफेशनल विकास हेतु राशि की स्वीकृति व विष्वविद्यालय द्वारा अपने संसाधनो द्वारा ही प्रावधान के अनुमोदन हेतु।**

दिनांक 20.01.2015 को माननीय मंत्री महोदय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षात्मक बैठक (पॉलीटेक्निक/इंजिनियरिंग) में दिये गये निर्देशानुसार बैठक के कार्यवाही विवरण के बिन्दु 19 के अन्तर्गत राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के शिक्षकों को प्रोफेशनल विकास हेतु राशि आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक मे अनुमोदन करवाने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्तर पर अपने संसाधनो से लागू करने पर चर्चा की गई।

देश के समस्त उच्चतर तकनीकी संस्थानो में शिक्षको को शोध व अध्यापन में नवाचार, ज्ञान समृद्वि व प्रोफेशनल विकास कर छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण देने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये प्रोफेशनल विकास हेतु राशि दी जाती है त्रिवार्षिक रूप से शिक्षक द्वारा योजनाबद्व तरिके से व्यय की जाती है। मालवीय राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान जयपुर के प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित (Item No. 20.4.5) सदस्यों के संदर्शन हेतु सलग्न है। अनुलग्नक 26.16 पृष्ठ 142–148)

प्रस्तावित है कि दिनांक 20.01.2015 को माननीय मंत्री महोदय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षात्मक बैठक (पॉलीटेक्निक/इंजिनियरिंग) में दिये गये निर्देशानुसार बैठक के कार्यवाही विवरण के बिन्दु 19 की भावना के अनुरूप मालवीय तकनीकी संस्थान जयपुर के प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित (Item No. 20.4.5) शब्दशः स्वीकार किया जाता है। मालवीय तकनीकी संस्थान जयपुर द्वारा भविष्य में प्रोफेशनल विकास हेतु राशि के नियमों में उत्तरोत्तर कोई भी बदलाव होने पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा भी उक्त बदलाव स्वीकार किये जायेंगें तथा आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक में सदस्यों की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये जायेंगें। इस हेतु समस्त वित्त भार का वहन राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अपने संसाधनो से ही किया जायेगा।

अतः प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प 26.16** **सदस्यों का अभिमत था कि कि बदलते परिवेश में शिक्षकों को शोध एवं अध्यापन में नवाचार की निरन्तर आवष्यकता रहती है अतः वित समिति में प्रस्ताव रखकर आगामी प्रबन्ध मंडल की बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जावे ।**

**BoM 26.17** **To peruse and provide direction on the matter of appointment of Professor in Computer Science & Engineering Department vide resolution of BoM 20.27 and BoM 24.9.**

In compliacnce of resolution of BoM 24.9, following letters were written to AICTE for clarification in the matter;

1) Letter No. VCS/F.1/1/2015/9367 dated 16-09-2015 by Hon'ble Vice Chancellor. (Annexure 26.17.1 page 149)
2) Letter No. F(4)D-V/Recruitment/2015/1118 dated 18-11-2015 by Pro Vice Chancellor. (Annexure 26.17.2 page 150)
3) Letter No. F(4)DA-V/Recruitment/2015/15545 dated 12-02-2016 by Registrar. (Annexure 26.17.3 page 151)
4) Letter No. F(4)DA-V/Recruitment/2015/18312-14 dated 21-03-2016 by Registrar. (Annexure 26.17.4 page 152)

University could not get any reply from AICTE in response to the above correspondence. However, the AICTE, New Delhi has issued ''Extraordinary'' Notification dated 04th January, 2016 regarding clarifications on certain issues/anomalies pertaining to qualifications, pay

scales, service conditions, Career Advancement Scheme (CAS) etc. for Teachers and other Academic Staff of Technical Institutions (Degree/Diploma). In this Notification, under the heading of "A- Issues related to Qualifications, point No. 5 described as below :-

*"A.- <u>ISSUES RELATED TO QUALIFICATION</u>*

| | |
|---|---|
| *5. Clarification in respect of Ph.D. acquired from inter disciplinary Centres/Departments in relevant Discipline in which faculty has Acquired BE/B. Tech. and ME/ M. Tech. Degree* | *The BOG of the concerned Institute on the basis of the recommendations of properly constituted Selection committee and with the approval of their State Technical Education Deptt./ State/UT/Central Govt./ University may take appropriate decision."* |

(Annexure 26.17.5 page 153-171)

In respect of above clarification It is submitted that (i) duly constituted Selection Committee recommended Selection of Dr. C.P. Gupta on the post of Professor, (ii) BoM subsequently approved Selection vide BoM Agenda Item No. 20.27 and (iii) Govt. also approved the recommendations of committee constituted in the matter.

It is also submitted that Dr. C.P. Gupta filed two legal cases of Temporary Injuction (T.I.) No. 12434/2015 & Civil Suit No.12015/2015 pending at Civil Judge (Junior Division) South, Kota (Chandra Prakash Gupta V/s State of Rajasthan through Distt. Collector, Kota & others) and another legal case No. 13226/2015 –Chandra Prakash Gupta V/s RTU, Kota through Registrar at Single Bench of Hon'ble High Court of Rajasthan, Jaipur respectively and are pending for decision.

In view of above, the matter is put up before Hon'ble Members for consideration and decision.

**Resolution 26.17** **The letter received from Jt. Secretary, Technical Education & BOM Member & MLA Sh. Prahlad Gunjal in respect of the agenda item were put up before BoM members for perusal.**

**All facts of the case of appointment of Sh. C.P.Gupta on the post of Professor, Computer Science were placed before BoM members. All members were of the opinion that all required proceedings have been made in this matter. The appointment letter may be issued after permission from State Govt.**

**प्र.म. 26.17** **प्रबंध मण्डल की 20वीं बैठक के बिन्दु संख्या 20.27 एवं प्रबंध मण्डल की 24वीं बैठक के बिन्दु संख्या 24.9 पर कम्प्युटर सांइस विभाग में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति प्रकरण के अवलोकन एवं निर्देशन हेतु**

प्रबंध मण्डल के बिन्दु संख्या 24.9 के संकल्प की अनुपालना में निम्न पत्र AICTE को स्पष्टीकरण हेतु भेजे गए :

